प्रेस नोट

दिनांक 09.01.2025

प्रदेश में आईजीआरएस रैंकिंग में हमीरपुर को प्राप्त हुआ प्रथम स्थान

(प्रदेश स्तर पर जारी रैंकिंग में हमीरपुर को 115/115 अंक प्राप्त)

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित "समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली" (जनसुनवाई) की माह दिसम्बर -2024 में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर किए गए कार्यों के संबंध में रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के नेतृत्व में, प्रदेश के जनपदों की रैंकिंग में जनपद हमीरपुर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

आईजीआरएस में की गई शिकायतों के निस्तारण में हमीरपुर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ । जनपद के 14 में से 09 थाने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर जारी रैंकिंग में हमीरपुर को 115/115 फीसदी अंक मिले है। आई0जी0आर0एस0 सेल में नियुक्त प्रभारी आई0जी0आर0एस0 सेल उ0नि0 प्रिंस दिक्षित, कम्प्यूटर ऑपरेटर सुनैना, म0का0 आपेक्षा, का0 वीरेद्र कुमार, म0का0 प्रिया यादव व का0 अंकित पाण्डेय, शिकायतकर्ताओं से फीडबैक प्राप्त कर कार्यवाही भी की गई ।

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के द्वारा प्राप्त प्रकरणों की सर्किलवार समीक्षा कर गुणवत्ता की जांच कराई गयी । उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीमों को मिलकर भूमि विवादों जैसी समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के लिए प्रेरित किया। आई0जी0आर0एस0 प्रणाली में न केवल शिकायतों का समाधान किया गया, बल्कि शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेकर उनकी संतुष्टि को भी प्राथमिकता दी गई । इस प्रक्रिया से हमीरपुर पुलिस केवल समस्याओं का समाधान नहीं करती, बल्कि यह सुनिश्चित करती है कि समाधान संतोषजनक हो।

पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा आई0जी0आर0एस0 सेल में नियुक्त कर्मचारी व थानों पर नियुक्त आईजीआरएस कर्मचारियों को भविष्य में इसी प्रकार मेहनत और लगन से कार्य कर जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु उत्साहवर्धन किया गया।